कोठारी इंटरनेशनल स्कूल, नौएडा

मध्यावधि परीक्षा, सत्र-2025-26

कक्षा: 8, विषय: हिंदी

भाग-2 (साहित्य एवं लेखन), सेट-'ए'

दिन व दिनांक: गुरुवार-सितंबर 18, 2025

अधिकतम अंक : 40 **समय सीमा: 2 घंटे**

नाम: ________________ **अनुक्रमांक: ________**

<u>सामान्य निर्देश -</u>

i) इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 4 तथा कुल 6 प्रश्न हैं |

ii) इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं-खंड क-'साहित्य' तथा खंड - ख 'लेखन'

iii) प्रश्न-1 के लिए 6 अंक जिसमें 6 उपप्रश्न हैं, प्रश्न-2 -10 अंक - 4 उपप्रश्न ,प्रश्न-3 के लिए 9 अंक - 3 उपप्रश्न तथा प्रश्न 4 , 5, 6 के लिए 5-5 अंक निर्धारित हैं |

iv) सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है |

v) उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न-पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ लीजिए|

खंड 'क' <u>साहित्य</u> **(25अंक)**

प्रश्न1) दिए गए पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए उचित विकल्प चुनकर लिखें - **(1×6=6)**

बदलू मनिहार था | चूड़ियाँ बनाना उसका पैतृक पेशा था और वास्तव में वह बहुत ही सुंदर चूड़ियाँ बनाता था| उसकी बनाई चूड़ियों की खपत भी बहुत थी| उस गाँव में तो सभी स्त्रियाँ उसकी बनाई चूड़ियाँ पहनती ही थीं आस - पास के गाँव के लोग भी उससे चूड़ियाँ ले जाते | परंतु वह कभी भी चूड़ियों को पैसे से न बेचता था| उसका अभी तक वस्तु विनिमय का तरीका था| लोग अनाज के बदले चूड़ियाँ ले जाते थे| बदलू स्वभाव से बहुत सीधा था| मैंने कभी भी उसे किसी से झगड़ते नहीं देखा | हाँ, शादी विवाह पर वह अवश्य ज़िद पकड़ जाता था| जीवन भर चाहे उससे कोई मुफ़्त चूड़ियाँ ले जाए परंतु विवाह के अवसर पर वह सारी कसर निकाल लेता था|

i) **बदलू का पैतृक धंधा क्या था ?** **(1)**

क) काँच की चूड़ियाँ बनाना

ख) प्लास्टिक की चूड़ियाँ खरीदना

ग) लाख की चूड़ियाँ बनाना

घ) खेतीबाड़ी करना

ii) **उसकी बनाई चूड़ियों की खपत कहाँ होती थी ?** (1)

क) शहरों में

ख) कस्बों में

ग) आस-पास के गांवों में

घ) दूसरे शहरों में

iii) **बदलू कौन था ?** (1)

क) एक बढ़ई

ख) एक मनिहार

ग) एक लुहार

घ) एक सुनार

iv) **वह चूड़ियाँ कैसे बेचता था ?** (1)

क) अनाज लेकर

ख) वस्तु लेकर

ग) पैसे लेकर

घ) पुराना बर्तन लेकर

v) **शादी विवाह के अवसर पर बदलू किस बात के लिए ज़िद पकड़ता था ?** (1)

क) वस्तुएँ प्राप्त करने के लिए

ख) चूड़ियाँ देने के लिए

ग) मुफ़्त चूड़ियाँ देने के लिए

घ) अधिक पैसे लेने के लिए

vi) **नीचे दिए गए कथन - कारण के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए -** (1)

कथन - मशीनी युग के आने से बदलू का लाख की चूड़ियाँ बनाने का काम बढ़ गया|

कारण - अब सभी स्त्रियाँ काँच की चूड़ियाँ पहनने लगीं |

क) कथन और कारण दोनों गलत हैं |

ख) कथन गलत है लेकिन कारण सही हैं|

ग) कथन सत्य है लेकिन कारण उसकी गलत व्याख्या करता है|

घ) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है

प्रश्न2) निम्नलिखित में से किन्हीं <u>चार प्रश्नों</u> के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए- **(2.5×4=10)**

i) सुदामा कौन थे और वे किस कारण से द्वारिका गए थे? पाठ 'सुदामा चरित' के आधार पर उत्तर दीजिए- **(2.5)**

ii) 'मनुवाँ तो दहूँ दिसि फिरै यह तो सुमिरन नाहिं'| 'कबीर की साखियाँ' से ली गई इस पंक्ति का आशय अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए | **(2.5)**

iii) लोगों ने सलाह दी कि समझदार आदमी इस शाम वाली बस से सफ़र नहीं करते, क्यों? पाठ 'बस की यात्रा' के आधार पर उत्तर दीजिए- **(2.5)**

iv) कबीर दास जी अपशब्द के बदले अपशब्द बोलने से क्यों मना करते हैं? 'कबीर की साखियाँ' के आधार पर स्पष्ट कीजिए | **(2.5)**

v) पाठ 'सुदामा चरित' में सुदामा की दीनदशा देखकर श्रीकृष्ण की क्या मनोदशा हुई? **(2.5)**

प्रश्न3) निम्नलिखित में से किन्हीं <u>तीन प्रश्नों</u> के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए- **(3×3=9)**

i) कबीर के दोहे सामाजिक समानता और ईमानदारी पर बल देते हैं। आपके अनुसार, अगर लोग इन शिक्षाओं को अपनाएँ, तो समाज में कौन-कौन से सकारात्मक बदलाव आ सकते हैं? तर्क सहित उत्तर दें। **(3)**

ii) समाज दिन - पर -दिन प्रगति कर रहा है परंतु इतनी प्रगति के बाद भी मनुष्य धर्म, जाति -पाँति , ऊँच - नीच के बंधनों से स्वयं को आज़ाद नहीं कर पाया | कविता 'भगवान के डाकिए' में दिया गया संदेश लोगों की सोच तथा समस्त समाज की सोच को बदलने में किस प्रकार सहायक होगा| अपने विचार लिखें| **(3)**

iii) सुदामा और कृष्ण की मित्रता निःस्वार्थ और सच्ची मानी जाती है। आज के समय में ऐसी मित्रता पाना क्यों कठिन हो गया है? अपने विचार और कारण विस्तार से लिखिए। **(3)**

iv) पाठ 'बस की यात्रा' के अंतिम भाग में लेखक तथा उनके सभी मित्रों ने सारी चिंता छोड़कर हँसी-मज़ाक करना शुरू कर दिया। आपके विचार में उन्होंने **(3)**

ऐसा क्यों किया होगा? क्या वे निश्चिंत थे कि बस उन्हें उनके गंतव्य तक पहुँचा देगी? स्पष्ट कीजिए।

खंड - ख 'लेखन' **(15अंक)**

प्रश्न4) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 70-80 शब्दों में लिखिए- (5)

'शिक्षा जगत में आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (AI) का बढ़ता प्रभाव'

पर एक अनुच्छेद लिखिए-

अथवा

'फूल' की आत्मकथा लिखें -

प्रश्न5) दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए- (5)

अपने सबसे अच्छे मित्र को खेलकूद में भाग लेकर अपना स्वास्थ्य सुधारने की सलाह देते हुए पत्र लिखिए-

अथवा

अपने छोटे भाई को कड़ी मेहनत और अच्छी संगति का महत्त्व समझाते हुए पत्र लिखिए-

प्रश्न6) प्रस्तुत चित्र का वर्णन 7-8 पंक्तियों में कीजिए- (5)